आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 21.01.2025

मुख्य समाचारः–

1– गरियाबंद जिले में ओडिशा सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम अट्ठारह माओवादियों के मारे जाने की खबर–एक करोड़ रूपये का इनामी माओवादी जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया।

2– सुरक्षा बलों ने अब तक चौदह माओवादियों के शव बरामद किए–इलाके में गोलीबारी अभी भी जारी है।

3– प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना–इसी के साथ शुरू हो जाएगा नामांकन भरने का सिलसिला।

4– उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एकदिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज रायपुर पहुंचे।

माओवादी–मुठभेड़

गरियाबंद जिले में बीते करीब दो दिनों से सुरक्षा बलों के साथ चल रही मुठभेड़ में कम से कम अट्ठारह माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इनमें से चौदह माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए माओवादियों में से एक माओवादी जयराम उर्फ चलपति पर एक करोड़ का इनाम घोषित था। यह माओवादी सेंट्रल एरिया कमेटी का सदस्य बताया जाता है। ओडिशा सीमा पर हुई इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के दो जवान घायल हुए हैं, जिनमें से एक जवान को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि सुरक्षा बलों को गरियाबंद के कुल्हाड़ीघाट वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली थी। इसके बाद, इस क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि देश में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुरक्षाबलों के जवानों को माओवादियों के खिलाफ मिली सफलता सराहनीय है।

उपराष्ट्रपति–रायपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने एकदिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज रायपुर पहुंचे। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माना स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल में उपराष्ट्रपति को राजकीय गमछा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के साथ ही विधायकगण मौजूद थे। अपने प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

नगरीय निकाय चुनाव–अधिसूचना

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल बाईस जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि कल से ही जिन दस नगरीय निकायों में चुनाव होना है, वहां नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

नामांकन भरने की अंतिम तारीख अट्ठाईस जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच उनतीस जनवरी को की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा इकतीस जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान ग्यारह फरवरी को होगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा पंद्रह फरवरी को की जाएगी।

वहीं, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत निर्वाचन की अधिसूचना तीनों चरणों के लिए एक साथ सत्ताईस जनवरी को जारी की जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त–बैठक

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज रायपुर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान श्री सिंह ने सभी राजनीतिक दलों को प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए किए गए उपायों के साथ ही ईवीएम के उपयोग के बारे में बताया। इसके अलावा नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आदर्श आचार संहिता के दौरान गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले समारोहों के बारे में दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

नगरीय निकाय–भाजपा/कांग्रेस

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद आज भारतीय जनता पार्टी के रायपुर स्थित प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश की जनता के सपनों को पूरा करेगी और नगरीय निकायों में विकास का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नगर निगमों में सिर्फ प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि राज्य के शहरों के भविष्य को संवारने का एक मौका है।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मांग की है कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम एक साथ चौबीस फरवरी को घोषित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस समय चुनाव कराने से बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों को परेशानी हो सकती है। श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस की ओर से इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भाजपा सरकार की नाकामी और वादाखिलाफी रहेगा।

हाईकोर्ट–चाइनीज मांझा

रायपुर में चाइनीज मांझे से सात वर्षीय बालक की मौत के मामले में हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य के विभिन्न जिलों में इस तरह के मांझे की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने नगर निगम और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए।

शिशु संरक्षण माह

रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने आज कालीबाड़ी स्थित जिला चिकित्सालय में छह माह से पांच साल तक के बच्चों को आयरन और नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ड्राप पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया। शिशु संरक्षण माह का उद्देश्य बच्चों में खून की कमी और विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव करना है। यह आयोजन इक्कीस फरवरी तक चलेगा।

आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

सोलहवें आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे कोंडागांव जिले के चालीस युवक–युवतियों को आज अहमदाबाद के लिए रवाना किया गया। ये युवा नेलवाड़, फरसगांव, झारा, छोटेडोंगर और धनौरा जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों से हैं। इस यात्रा के दौरान ये युवा अहमदाबाद के प्रमुख सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और शैक्षिक स्थलों का दौरा करेंगे।

दुर्ग–राशि बरामद

प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के बीच दुर्ग और राजनांदगांव जिले की सीमा पर पुलिस ने एक कार से एक करोड़ रुपए बरामद किए हैं। व्यापारी द्वारा नगद रूपये से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर पुलिस ने रकम जब्त कर दुर्ग जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप दिया है। साथ ही आयकर विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी है।

संक्षिप्त समाचार

– शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद आज उन्हें रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें कोर्ट ने चार फरवरी तक की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

– राज्य शासन ने सीबीआई को सीजी पीएससी की परीक्षा कंट्रोलर आरती वासनिक और उप परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर की गिरफ्तारी की अनुमति दे दी है। राजभवन से अनुमोदन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सीबीआई को इससे संबंधित पत्र भेजा है।

– भिलाई के एक इंजीनियर को बिटक्वाइन में निवेश का झांसा देकर करीब छत्तीस लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में दुर्ग पुलिस ने नागपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, भिलाई स्टील प्लांट के एक अधिकारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर इक्कीस लाख से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है।

– कोंडागांव जिले के लंजोड़ा गांव में एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

– जांजगीर–चांपा जिले में मदनपुर गांव के पास कार की टक्कर से मोटरसाइकिल में सवार एक बालिका की मौत हो गई। जबकि, पिता गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

– रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के कोंध्रा बीट में बीती रात विद्युत करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई है। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>